**वित्त मंत्रालय**

**लोक उद्यम विभाग**

**मंत्रिमंडल के लिए अक्टूबर, 2023 माह हेतु डीपीई का मासिक उपलब्धियां**

*****

1. **कैपेक्स लक्ष्य:**

अक्टूबर, 2023 तक चुनिंदा सीपीएसईज़ (100 करोड़ रुपये और उससे अधिक के वार्षिक कैपेक्स लक्ष्य वाले) और अन्य सरकारी संगठनों के संबंध में वार्षिक कैपेक्स लक्ष्यों और इसकी उपलब्धि से संबंधित जानकारी दिनांक 6 नवंबर, 2023 को प्रधानमंत्री कार्यालय को प्रस्तुत की गई थी। ₹7.33 लाख करोड़ (बजट अनुमान) के अनुमानित व्यय की तुलना में, उपलब्धि ₹4.28 लाख करोड़ (लगभग) अर्थात् दिनांक 31.10.2023 तक लगभग 58.43% थी; जबकि अक्टूबर, 2022 तक की समान अवधि में अनुमानित पूंजीगत व्यय ₹3.51 लाख करोड़ अर्थात 53.07% के मुकाबले यह ₹6.62 लाख करोड़ था।

2. **सीपीएसईज़ का संचालन:**

(i) शीर्ष समिति की सिफारिश और सरकार के अनुमोदन के आधार पर, दिनांक 12.10.2023 को इरकॉन और राइट्स को नवरत्न का दर्जा दिया गया था।

(ii) डीपीई ने आर्थिक कार्यों की मंत्रिमंडलीय समिति के लिए मसौदा नोट पर अपनी टिप्पणियां प्रदान कीं, जिसमें महारत्न सीपीएसईज़ के लिए लागू डीपीई दिशानिर्देशों द्वारा अनिवार्य सीमा से आगे तालचर फर्टिलाइजर लिमिटेड (टीएफएल) में सीआईएल द्वारा अतिरिक्त इक्विटी निवेश के लिए अनुमोदन मांगा गया था।

(iii) डीपीई ने केंद्रीय भंडारण निगम (सीडब्ल्यूसी) में ई-7 में महाप्रबंधक (सामान्य) के 03 पदों को भरने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए तत्काल आमेलन के नियम से छूट देने के लिए खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की।

(iv) विवाद से विश्वास योजना-II (संविदागत विवाद) तथा इलेक्ट्रॉनिक पोर्टलों पर संविदा प्रदान करने संबंधी विवरण को अपलोड/साझा करने के संबंध में व्यय विभाग के अनुदेश सभी सीपीएसईज़ को परिचालित किए गए थे।

(v) जाति/सामुदायिक प्रमाण-पत्रों के समय पर सत्यापन के संबंध में कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के अनुदेश सभी सीपीएसईज़ को परिचालित किए गए थे।

(vi) केन्द्रीय सतर्कता आयोग के अनुरोध के अनुसार, सभी सीपीएसईज़ से अनुरोध किया गया था कि वे व्यय विभाग की अद्यतन नियमावली के अनुरूप अपनी खरीद नियमावली के अद्यतन/अनुकूलन के संबंध में स्थिति रिपोर्ट केन्द्रीय सतर्कता आयोग को प्रस्तुत करें।

(vii) डीपीई ने आईडीए पैटर्न वेतनमान 2017, 2007, 1997 और 1987 और 1992 का पालन करते हुए केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसईज़) में गैर-संघीकृत पर्यवेक्षकों सहित बोर्ड स्तर और बोर्ड स्तर से नीचे के अधिकारियों के लिए दिनांक 01.10.2023 से देय डीए दरों पर आदेश जारी किए। डीपीई ने सीडीए पैटर्न वेतनमानों के संबंध में दिनांक 26.10.2023 को डीए आदेश भी जारी किया।

3. **सीपीएसईज़ का समझौता ज्ञापन मूल्यांकन:**

वर्ष 2023-24 और 2024-25 के लिए 100 सीपीएसईज़ के संबंध में समझौता ज्ञापनों को अंतिम रूप देने के लिए अंतर-मंत्रालयी समिति की बैठकें आयोजित की गईं। 89 सीपीएसईज़ के संबंध में अंतिम समझौता ज्ञापन ऑनलाइन डैशबोर्ड के माध्यम से जारी किए गए थे। 89 में से 87 समझौता ज्ञापनों पर भी ई-हस्ताक्षर किए गए।

4. **अंतर-मंत्रालयी बैठकें और सीसीईए/मंत्रिमंडल टिप्पणियां:**

(i) माह के दौरान डीपीई द्वारा 9 आईएमजी/सीएमसीडीसी बैठकों में भाग लिया गया।

(ii) दूरसंचार विभाग (डीओटी) के तहत बीएसएनएल की गैर-प्रमुख संपत्तियों के मुद्रीकरण के संबंध में आगे की योजना पर चर्चा करने के लिए दिनांक 09.10.2023 को अंतर-मंत्रालयी समूह (आईएमजी) की एक बैठक आयोजित की गई थी।

(iii) डीपीई ने अंतर-मंत्रालयी परामर्श के लिए परिचालित निम्नलिखित टिप्पणियों/प्रस्तावों पर अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत की।

क. 15वें वित्त आयोग की अवधि के दौरान एकीकृत योजना 'विज्ञान धारा' को जारी रखने संबंधी अनुमोदन के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा कैबिनेट नोट का मसौदा परिचालित किया गया।

ख. कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत धारा 8 कंपनी के रूप में एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स (एवीजीसी) के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) की स्थापना के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा व्यय वित्त समिति (ईएफसी) ज्ञापन परिचालित किया गया।

ग. राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम की शेयर पूंजी बढ़ाने के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा व्यय वित्त समिति (ईएफसी) ज्ञापन परिचालित किया गया।

घ. टीबीएल इंटरनेशनल लिमिटेड (टीबीएल) में टीसीआईएल की हिस्सेदारी के विनिवेश के लिए वैकल्पिक तंत्र हेतु दूरसंचार विभाग (डीओटी) के नोट की जांच की गई थी और उस पर दूरसंचार विभाग को टिप्पणियां प्रस्तुत की गई थीं।

## 5. सीपीएसईज़ द्वारा एमएसईज़ और जीईएम के माध्यम से खरीद:

(i) वर्ष 2023-24 (अक्टूबर, 2023 तक) के दौरान एमएसई से सीपीएसईज़ द्वारा खरीद अनिवार्य 25% (एमएसएमई-संबंध पोर्टल के अनुसार) की तुलना में 34% थी।

(ii) जीईएम के माध्यम से सीपीएसईज़ द्वारा खरीद अक्टूबर, 2023 तक 1,18,631 करोड़ रुपये थी, जबकि अक्टूबर, 2022 तक यह 42,064 करोड़ रुपये थी।

## 6. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर):

सीएसआर व्यय करने वाले शीर्ष के 30 सीपीएसईज़ ने वर्ष 2023-24 (सितंबर, 2023 तक) के दौरान 629.41 करोड़ रुपये के सीएसआर व्यय की सूचना दी है।

## 7. क्षमता निर्माण:

(i) डीपीई ने भारतीय कॉरपोरेट कार्य संस्थान और क्षमता निर्माण आयोग के सहयोग से दिनांक 5 और 6 अक्टूबर, 2023 को नई दिल्ली में सीपीएसईज़ के स्वतंत्र निदेशकों (आईडी) के लिए प्रेरण कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में विभिन्न सीपीएसईज़ के 31 आईडी ने भाग लिया।

(ii) सीबीसी द्वारा अग्रेषित डीपीई की वार्षिक क्षमता निर्माण योजना को अनुमोदित किया गया।

## 8. मिशन भर्ती:

मिशन भर्ती के तहत स्थिति की समीक्षा करने के लिए दिनांक 25 अक्टूबर, 2023 को सीपीएसईज़ के नोडल अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई थी। अब तक आयोजित रोजगार मेलों की 10 श्रृंखलाओं में सीपीएसईज़ के 36,285 उम्मीदवारों को शामिल किया गया है।

## 9. एएमआरसीडी मामलों की स्थिति:

अद्यतन स्थिति के अनुसार, पोर्टल पर 133 मामले रिपोर्ट/दर्ज किए गए। वित्तीय सलाहकारों के स्तर पर 7 मामलों को खारिज कर दिया गया था। 31 मामलों का निपटान किया गया और 66 मामले निर्णय के लिए सचिवों की समितियों के पास हैं और शेष 29 मामले संबंधित वित्तीय सलाहकारों के पास उनकी जांच और अनुमोदन के लिए लंबित हैं।

*****